डंपर से भिड़ा ट्रक, मासूम सहित दो की मौत

नेशनल हाईवे-46 बी के मिडघाट पर हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

सीहोर/ बुधनी 15 जुलाई. नेशनल हाईवे-46 बी पर मिडघाट में मंगलवार तड़के करीब 4 बजे एक भीषण सड़क हादसे में 8 वर्षीय मासूम और डंपर चालक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं घायल हो गईं. डंपर खराब होने के कारण सड़क किनारे खड़ा था तभी पीछे से ट्रक भिड़ गया. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

बुधनी थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-46बी के मिडघाट में मंगलवार तड़के करीब 4 बजे दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. पुलिस के अनुसार डंपर क्रमांक एमपी40 एचए 5777 तकनीकी खराबी आने के कारण सड़क किनारे खड़ा था, जिसे मैकेनिक द्वारा ठीक किया जा रहा था. इसी दौरान पीछे से आ रहे आइसर ट्रक क्रमांक एमएच 40 टीसी 1764 ने डंपर को जोरदार टक्कर मार दी.

टक्कर इतनी भीषण थी कि आइशर ट्रक में सवार 8 वर्षीय राजवीर नागवंशी और सड़क किनारे मौजूद डंपर चालक प्रदीप पाल की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे में ट्रक में सवार सरिता नागवंशी एवं सृष्टि नागवंशी घायल हो गईं. सूचना मिलते ही बुधनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया. घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है.

पुलिस के मुताबिक ट्रक चालक मोनू नागवंशी आ. राधेश्याम नागवंशी, निवासी परासिया अपने परिवार के साथ भोपाल से छुट्टियां बिताकर घर लौट रहे थे.

लिफ्ट मांगकर पिकअप में सवार हुआ था मृतक

आष्टा. थाना क्षेत्र में मंगलवार रात ग्राम लसूड़िया विजय सिंह के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. सड़क किनारे खड़े ट्रक से बोलेरो पिकअप के टकराने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया. जानकारी के अनुसार चितावली जाट निवासी कमल प्रजापति बोलेरो पिकअप से अपने गांव लौट रहे थे. रास्ते में बड़खोला निवासी 50 वर्षीय शमीम मियां ने उनसे लिफ्ट मांगी. लसूड़िया विजय सिंह के समीप पहुंचने पर बोलेरो पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई. हादसा इतना भीषण था कि शमीम मियां की मौके पर ही मौत हो गई.

युगप्रवर्तक हेडगेवार नाटक का मंचन 24 को

सागर. ब्रह्मनाद संस्था द्वारा डॉक्टर हेडगेवार के जीवन पर आधारित नाटक युगप्रवर्तक डॉक्टर हेडगेवार नाम से नाटक का मंचन पद्माकर सभागार में 24 जुलाई शुक्रवार को शाम 6:30 बजे किया जाएगा. ब्रह्मनाद संस्था के प्रचार प्रसार संयोजक रविंद्र सहस्त्रबुद्धे ने बताया कि संस्था अब तक भारत के विभिन्न राज्यों में नाटक की 54 प्रस्तुतियां दे चुकी है सागर में यह उनकी 55 वीं भी प्रस्तुति होगी. कार्यक्रम संयोजक अरविन्द्र उपाध्ये ने कहा कि नाटक की पहली प्रस्तुति नागपुर में 1 अप्रैल 2025 को प्रयोग के रूप में प्रारंभ की थी. उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश संस्कृति संचनालय के सहयोग से कई शहरों में यह आयोजन किया जा रहा है. संस्कार भारती भी इसमें सहयोगी है.पत्रकारवार्ता में अरविंद उपाध्याय, आनंद, जीवनलाल उपाध्याय, मनीष बोहरे मौजूद थे.

बेसहारा का सहारा बनकर सामने आए ज्ञानेन्द्र

मासूमों की पढ़ाई से लेकर बेटी की कराएंगे शादी

पीड़ित परिवार बोला आंसू पोंछे जिन्दगी भर एहसान मानेंगे

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। आज के इस युग में हर कोई अपने जीवन को अच्छा और बेहतर बनाने की जद्दोजहद में लगा हुआ है। लोग हजारों से लाखों, लाखों से करोड़ों करने में जुटे हैं, परन्तु ऐसे में अगर कोई किसी की आर्थिक स्थिति को समझकर उसकी मदद कर दे, तो वह भगवान से कम नहीं होता। टीकमगढ़ जिले में राजनीति से ऊपर उठकर एक नेता ने गरीब का सहारा बनकर मानवीयता दिखाई है।

बेसहारा परिवार का सहारा बनकर सामने आए किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र सिंह की सराहना जितनी की जाए उतनी कम है। उन्होंने एक गरीब परिवार की सिर्फ



मदद ही नहीं कि बल्कि उस परिवार के सदस्यों की आंखों के आंसू पोंछने का काम किया है।

मामला टीकमगढ़ जिले की ग्राम पंचायत लक्ष्मनपुरा के मुड़ीखेरा का है। जहां आज से पांच साल पहले रवि रैकवार नामक व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत हो गई थी।

इस परिवार की मदद करने का हर किसी ने भरोसा दिलाया, परन्तु कोई भी आगे नहीं आया। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र सिंह की जैसे ही घोषणा हुई वह ग्रामों के दौरे पर पहुंचे। जहां उन्हें किसी कार्यकर्ता ने मुड़ीखेरा गांव के स्व. रवि रैकवार के परिजनों की जानकारी दी। उन्होंने पूरी बात को समझा और भावुक हो गए। फिर वह सीधे इस गांव पहुंचे और उन्होंने इस परिवार की मदद करने का बीड़ा उठा लिया।

...मैं इस परिवार से मिला, तो आंखें नम हो गईं

किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र सिंह ने नवभारत से चर्चा के दौरान कहा कि मैं जब इस परिवार से मिला तो मेरी आंखें नम हो गई कि जब किसी परिवार का कोई ऐसा व्यक्ति जिससे पूरा परिवार संचालित हो वह इस दुनिया से चला जाए तो उस परिवार पर क्या बीतती है। मैं अपने आपको रोक नहीं पाया, अगर आप भी इस परिवार को करीब से देखेंगे तो निश्चित ही आंखें नम हो जाएंगी। मैं सभी युवाओं से और नेताओं से यही कहूंगा कि राजनीति तो हम सबको जीवन भर करना है, पद मिलना और जाना चलता रहना है। हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि जो भी गरीब और आर्थिक असहाय परिवार है उसके साथ खड़े हों.

कारखाने में जंग खाती मशीनों में लौटेगी जान!

नारायणपुरा शक्कर कारखाने के पुनर्जीवन की कवायद तेज

नवभारत न्यूज

गुना 15 जुलाई का। जिला प्रशासन ने गुना को औद्योगिक और व्यावसायिक पथ पर अग्रसर करने के लिए एक बेहद सराहनीय और ऐतिहासिक पहल की शुरूआत की है। इसी कड़ी में, लंबे समय से उपेक्षा का दंश झेल रही और बंद पड़ी नारायणपुरा शुगर फैक्ट्री को पुन: संचालित करने की दिशा में गंभीर प्रयास शुरू कर दिए गए हैं।

बुधवार को कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने स्वयं दल-बल के साथ शक्कर कारखाने का विस्तृत जमीनी निरीक्षण किया। उन्होंने फैक्ट्री की वर्तमान स्थिति, अनुपयोगी पड़े संसाधनों और तकनीकी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे फैक्ट्री के पुन: संचालन की तमाम संभावनाओं का कड़ा परीक्षण करें और एक सप्ताह के भीतर हर हाल में विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत करें। नारायणपुरा शुगर फैक्ट्री का इतिहास जितना समृद्ध रहा है, उतना ही इसका बंद होना क्षेत्र के लिए दर्दनाक साबित हुआ। इस बंद पड़े कारखाने पर आज भी किसानों और पूर्व कर्मचारियों की करीब 8 करोड़ रुपये से अधिक की देनदारी बकाया है।

एसएटीआई पॉलिटेक्निक में ईडब्ल्यूएस वर्ग की सीटें रिक्त

नवभारत न्यूज

विदिशा,एसएटीआई पॉलिटेक्निक कॉलेज, में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न इंजीनियरिंग शाखाओं में प्रवेश का अवसर उपलब्ध है. कॉलेज प्रबंधन के अनुसार सामान्य वर्ग के ऐसे छात्र-छात्राएं जिन्होंने 10वीं अथवा 12वीं उत्तीर्ण की है और ईडब्ल्यूएस श्रेणी में आते हैं, वे कॉलेज लेवल काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं.कॉलेज में संचालित सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, कंप्यूटर साइंस, केमिकल एवं ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग की ईडब्ल्यूएस श्रेणी की सीटें अभी रिक्त हैं. इच्छुक अभ्यर्थी 14 अगस्त तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को आयोजित कॉलेज लेवल काउंसलिंग में शामिल होकर प्रवेश ले सकते हैं.

गुस्सा,तल्खियां बहुत हो गईं, अब कौमी संवादिता जरूरी

दिल्ली से लौटकर
गोविन्द बड़ोने

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 15 जुलाई, का. प्रभाष प्रसंग के विषय- 'कौमी संवादिता की मधुशाला' पर विमर्श आज समय की आवश्यकता है. महात्मा गांधी सारी जिंदगी कौमी सद्भावना का हाला पीते-पिलाते रहे. वर्तमान दौर में समाज कौमी बैर के संकट से गुजर रहा है. समाज के एक हिस्से को हिन्दू पुर्नत्थान और हिन्दुत्व की पुर्नस्थापना सहज लग रही है.

एक पक्ष को लगता है कि जो हो रहा है वह सही है.ऐसे में कौमी मनमुटाव का सवाल खड़ा होना लाजमी है. यह मंत्र इस जनतंत्र में चला जा रहा है. अगर समाज का प्रबुद्ध वर्ग भी इस हालात को अनदेखा कर दे तो शतुमुर्ग वाली अवस्था होगी. सोशल मीडिया में कौमी नफरत की ऐसी धारा चल पड़ी है कि सज्जन और संवेदनशील लोगो का मोह भी उसी की तरफ जा रहा है. झूठ, आधा सच और अफवाहों के माध्यम से समाज में अविश्वास और नफरत फैलाया जा रहा है. इसी माहौल में गांधी को भी बेहिसाब कौसा जा रहा है. उनके चरित्र पर भी सवाल उठाएं जा रहे है और उनके ऐतिहासिक संदेश , योगदान को संदेह के घेरे में खड़ा किया जा रहा है. गांधी से मतभेद हो सकते है पर उनकी हत्या करने वाला इसे अपना उत्कर्ष माने तो यह ठीक नहीं है. गांधी को देशभक्ति के तहत नहीं मारा गया बल्कि इसलिये मारा गया क्योंकि वे हिन्दू मुसलमान को एक नजर में देखते थे. यहीं गंगा जमुना तहजीब है.यहीं हमारी परंपरा, हमारी संस्कृति है.

नईदिल्ली. वरिष्ठ पत्रकार, लेखक स्व. प्रभाष जोशी के जन्मदिवस पर व्याख्यान कार्यक्रम में गांधीवादी विचारक डॉ सुदर्शन आयंगर, केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल, पद्मभूषण रामबहादुर राय, वरिष्ठ पत्रकार बनवारीजी सहित मेवाड़ यूनिवर्सिटी के कुलपति अशोक गादिया शामिल हुए.

स्व. प्रभाष जोशी
जन्म 15 जुलाई, 1937

जगदीशपुरी मानोरा में आज निकलेगी ऐतिहासिक रथयात्रा

नवभारत न्यूज

विदिशा/ग्यारसपुर 15 जुलाई, विदिशा जिले की ग्यारसपुर तहसील स्थित मिनी जगदीशपुरी के नाम से प्रसिद्ध मानोरा धाम में गुरुवार को भगवान जगन्नाथ स्वामी की ऐतिहासिक रथयात्रा श्रद्धा और भक्ति के साथ निकाली जाएगी. रथयात्रा में जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से लाखों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है.

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मार्ग में जगह-जगह भंडारे, पेयजल, शरबत और विश्राम शिविर लगाए गए हैं.बुधवार को पूरे दिन मानोरा धाम की ओर पैदल और पिंड भरते हुए श्रद्धालुओं के जत्थे जय जगन्नाथ और जगदीश स्वामी की जय के जयघोष के साथ पहुंचते रहे. बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों में रथयात्रा को लेकर विशेष उत्साह देखा गया. दूर-दराज के गांवों और शहरों से श्रद्धालु लगातार मानोरा धाम पहुंच रहे हैं.जगदीश स्वामी मंदिर के पुजारी भगवती प्रसाद ने बताया कि यह रथयात्रा लगभग 300 वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही है. शुरुआती करीब 100 वर्षों तक भगवान की यात्रा बैलगाड़ी से निकाली जाती थी, जबकि पिछले लगभग 200 वर्षों से भगवान जगन्नाथ स्वामी भव्य रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण करते हैं. रथयात्रा के अवसर पर तीन दिवसीय मेले का भी आयोजन किया जाता है.

नटेरन के नव निर्मित भगवान जगदीश स्वामी मंदिर में बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई. तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन के अंतर्गत गुरुवार 16 जुलाई को भगवान जगदीश स्वामी की भव्य शोभायात्रा रथ में विराजमान होकर नटेरन से गोरियाखेड़ा के लिए प्रस्थान करेगी.शोभायात्रा में ढोल-नगाड़े, डीजे और भजन-कीर्तन के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे.

पुलिस परेड ग्राउंड से निकली जागरुकता रैली

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित दौरे से पहले टीकमगढ़ में प्रशासन और पुलिस पूरी तरह हाई अलर्ट पर है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए आईजी, डीआईजी और कमिश्नर ने बुधवार को जिले का दौरा कर रेलवे स्टेशन, हेलीपैड और कार्यक्रम स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के आगमन से लेकर वीआईपी मूवमेंट, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और कार्यक्रम स्थल की तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया।

इस दौरान आईजी मिथलेश शुक्ला, डीआईजी विजय कुमार शत्री, कमिश्र अनिल सुचारी, टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, पुलिस अधीक्षक मंडलोई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकविक्रम सिंह , एसडीएम, एसडीओपी राहुल कटरे, तहसीलदार सहित जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए। सीएम के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन लगातार तैयारियों में जुटा हुआ है। प्रशासन का उद्देश्य है कि सीएम का दौरा पूरी तरह सुरक्षित, व्यवस्थित और सफल रहे।

उन्होंने संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं तय समय सीमा में पूरी हों और किसी भी स्तर पर कोई कमी न रहे।

शाखा प्रभारी बनने पर सुरेंद्र बहादुर सिंह का सम्मान

गंजबासौदा . जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित की स्टेशन शाखा में कार्यरत सुरेंद्र बहादुर सिंह राजपूत के पर्यवेक्षक पद से शाखा प्रभारी के पद पर पदोन्नत होने पर श्री महाराणा प्रताप राजपूत समाज द्वारा उनका सम्मान किया गया. इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पुष्पहार पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं.सम्मान समारोह में समाज के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट वीरेंद्र सिंह ने कहा कि सुरेंद्र बहादुर सिंह की पदोन्नति समाज के लिए गौरव की बात है. उन्होंने आशा व्यक्त की कि वे अपनी नई जिम्मेदारी का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए बैंकिंग सेवाओं को और बेहतर बनाएंगे.

छपते-छपते

पीएम मोदी के आवास पर भाजपा की अहम बैठक

नई टीम गठन पर हुई चर्चा

नई दिल्ली, 15 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आधिकारिक आवास लोक कल्याण मार्ग पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव नितिन नवीन शामिल हुए। सूत्रों के अनुसार, यह बैठक करीब दो घंटे 15 मिनट तक चली, जिसमें संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। सूत्रों के मुताबिक, बैठक के दौरान संगठनात्मक रणनीति, जिम्मेदारियों के बंटवारे और पार्टी की नई टीम के गठन को लेकर विचार-विमर्श हुआ। बताया जा रहा है कि नितिन नवीन की नई टीम के गठन से जुड़े विषय भी चर्चा का हिस्सा रहे। हालांकि, भारतीय जनता पार्टी की ओर से बैठक के एजेंडे या लिए गए किसी निर्णय को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है।बीजेपी संगठन में संभावित बदलावों और आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों को देखते हुए इस बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि संगठन को और मजबूत बनाने तथा विभिन्न स्तरों पर जिम्मेदारियों के निर्धारण जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। इस बैठक से एक दिन पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से नई दिल्ली स्थित कर्तव्य भवन में मुलाकात की थी। दोनों नेताओं के बीच करीब 40 मिनट तक बातचीत हुई थी। यह मुलाकात उत्तर प्रदेश बीजेपी संगठन में हालिया बदलावों के बाद हुई थी, जिसे राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना गया। फिलहाल प्रधानमंत्री आवास पर हर्ट बैठक के संबंध में पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी और संभावित फैसलों को लेकर किया जा रहा है।

ईओ को ज्ञापन सौंपा

ललितपुर. रेलवे के रिटायर्ड कर्मचारी महेंद्र पुरोहित नेनगर पालिका परिषद के ईओ साहब को ज्ञापन दिया है. ज्ञापन में बताया गया है कि नवजीवन कॉलोनी फेश दो वार्ड संख्या13 मोहल्ला हरदीला भारतीय जीवन बीमा निगम के पीछे करीब 70 मी कच्ची सड़क आज भी बनने के लिए बाट जोह रही है. इसका कालका परिषद की ओर से17 जनवरी 2026 में14 लाख 46000 का बोर्ड प्रस्ताव संख्या 1396 के द्वारा स्वीकृत हो चुका है. शासन के द्वारा धन उपलब्ध भी हो गया है. श्रीमती पूनम शर्मा ने बताया है कि मोहल्लेवासी जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया था.

अस्पताल में इलाज के दौरान लापरवाही

नवभारत न्यूज

खुरई 15 जुलाई. लापरवाही छोटी हो या बड़ी लापरवाही, लापरवाही होती है. इलाज के दौरान किसी की जान पर बन आए तो फिर क्या हो? सिविल अस्पताल में इलाज के दौरान एक युवक की तबीयत उस समय खराब हो गयी जब उसका इलाज किया जा रहा था.

परिजनों ने लापरवाही का लगाया आरोप है. बुखार का इलाज कराने सिविल अस्पताल पहुंचे युवक की सेफ्ट्रियाक्सोन इंजेक्शन लगने के बाद से अचानक तबीयत बिगड़ जाती है और फिर परिजन अस्पताल के

ड्यूटी स्टाफ पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग करने लगते है. जानकारी के अनुसार, जगदीशपुरा निवासी प्रान सिंह पिता राम सिंह यादव बुखार का इलाज कराने सिविल अस्पताल पहुंचे थे. परिजनों का आरोप है कि ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक द्वारा जांच के बाद दवा लिखी गई, लेकिन अस्पताल में पदस्थ स्टाफ नर्स ने गलत तरीके से इंजेक्शन लगा दिया. बिगड़ती स्थिति को देखते हुए उसे भर्ती कराया गया फिलहाल उसका इलाज जारी है, लेकिन परिजनों का कहना है कि उसकी हालत अभी भी पूरी तरह सामान्य नहीं हुई है.

परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि कोई बड़ी अनहोनी हो जाती तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेता. उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है.

कार्रवाई परिजनों और स्कूलों को ध्यान देने की जरूरत....वरना हो सकता है बड़ा हादसा

पुलिस को बच्चों से ठसाठस भरे मिले स्कूल वाहन

यातायात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वाहनों को जप्त किया

थोड़े से लालच के चक्कर में बच्चों की जान दांव पर

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 15 जुलाई, का. बीते 3 जुलाई को यातायात पुलिस ने स्कूली बच्चों को ओवरलोडिंग परिवहन करने वाले वाहनों के विरूद्ध चालान बनाकर जब्त किया था. लेकिन बावजूद इसके हाईवे पर थोड़े से लालच के चक्कर में नन्हे बच्चों की जान दांव पर लगाई जा रही है.

एसपी अमित तोलानी के निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात देवनारायण पांडे द्वारा ओवरलोड स्कूल वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त किया गया. चेकिंग के दौरान उक्त स्कूल वाहन में निर्धारित क्षमता से अधिक संख्या में बच्चों को बैठाकर वाहन चालक परिवहन करते हुए पाया गया, जो मोटरयान अधिनियम एवं यातायात नियमों का उल्लंघन होने के साथ-साथ स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा था. इस पर वाहन को जब्त कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई. वाहन मालिक पर अधिक से अधिक जुर्माने हेतु प्रकरण तैयार कर न्यायालय पेश किया गया. कार्रवाई में थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक देवनारायण पांडेय, उपनिरीक्षक पंचमलाल की सराहनीय भूमिका रही.

परिजनों को ध्यान देने की जरूरत

यातायात निरीक्षक देवनारायण पांडे ने बताया कि स्कूल के बच्चों के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जावेगी . मेरे द्वारा एवं मेरी स्कूल चेकिंग टीम द्वारा समस्त स्कूल संचालकों, वाहन मालिकों एवं चालकों से अपील की गई है कि वे विद्यार्थियों का परिवहन केवल निर्धारित क्षमता के अनुसार ही करें तथा सभी यातायात एवं सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करें . उन्होंने पालकों से अपील की है कि अपने बच्चों को वाहनों में क्षमता से अधिक संख्या होने पर ना बैठाएं . परिजनों को इस विषय में गंभीर होने की जरूरत है . साथ ही स्कूल संचालकों को भीअवगत कराया जाएगा .

नियमितीकरण की मांग

सागर. नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव एवं सागर संभाग प्रभारी राजेश सिंह राजपूत के नेतृत्व में कर्मचारी संघों के प्रतिनिधिमंडल ने महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी से कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर चर्चा की. प्रतिनिधिमंडल ने महापौर को अवगत कराया कि इंदौर नगर निगम में जिस प्रकार पात्र स्थायी एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित करने की कार्रवाई की गई है. प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत ने कहा कि नियमितीकरण से कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा, पदोन्नति, पेंशन एवं अन्य वैधानिक सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सकेगा.

रूसी तेल पर अमेरिका सख्त, भारत समेत 5 देशों पर 100% टैरिफ का प्रस्ताव

वॉशिंगटन. अमेरिका की कांग्रेस में रिपब्लिकन और डेमोक्रेट सांसदों के एक समूह ने एक नया विधेयक पेश किया है, जिसमें रूस से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल खरीदने वाले भारत, चीन, हंगरी, स्लोवाकिया और अजरबैजान पर 100 प्रतिशत तक आयात शुल्क (टैरिफ) लगाने का प्रस्ताव रखा गया है। यदि यह विधेयक कानून का रूप लेता है, तो रूस के ऊर्जा व्यापार पर दबाव बढ़ाने के लिए अमेरिका पहली बार टैरिफ को भू-राजनीतिक रणनीति के रूप में इस्तेमाल करेगा। यह विधेयक रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम की पहल पर तैयार किया गया था। उनके हालिया निधन के बाद इसे उनकी राजनीतिक विरासत के रूप में अमेरिकी सीनेट में पेश किया गया। रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों दलों के सांसदों ने इसे रूस पर आर्थिक दबाव बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है . प्रस्तावित विधेयक के तहत रूस से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल खरीदने वाले पांच देशों-भारत, चीन, हंगरी, स्लोवाकिया और अजरबैजान को 100 प्रतिशत आयात शुल्क के दायरे में लाने का प्रस्ताव है। वहीं, 15 यूरोपीय देशों को इस प्रावधान से छूट देने की बात कही गई है। अमेरिकी सांसदों का तर्क है कि ये देश रूस से सीमित मात्रा में ऊर्जा खरीदते हैं और मॉस्को पर अपनी निर्भरता लगातार कम कर रहे हैं। डेमोक्रेट सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने कहा कि यह केवल टैरिफ से जुड़ा विधेयक नहीं है, बल्कि रूस की अर्थव्यवस्था, ऊर्जा क्षेत्र, रक्षा उद्योग और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर व्यापक आर्थिक दबाव बनाने की रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि 100 प्रतिशत शुल्क केवल रूस के सबसे बड़े तेल खरीदार देशों तक सीमित रहेगा।